**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब में आदमपुर वायु सेना केंद्र का किया दौरा—ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के शौर्य व अदम्य साहस को सराहा।
2. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने देश भर में तिरंगा यात्रा निकालने का लिया निर्णय—सभी लोगों से यात्रा में भाग लेने की अपील।
3. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—ऊन के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने पर विचार कर रही है सरकार।
4. सी.बी.एस.ई ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम किए घोषित।

**अब समाचार विस्तार से...**

**प्रधानमंत्री आदमपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह पंजाब में आदमपुर वायुसेना केंद्र का दौरा किया और वीर जवानों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने जवानों के शौर्य की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। सेना अधिकारियों और जवानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भगवान बुद्ध की भी धरती है और गुरू गोबिंद सिंह जी की भी धरती है। उन्होंने कहा कि अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दुश्मन के नापाक मंसूबों और दुस्साहस को मिट्टी में मिलाया है।

**भाजपा— तिरंगा यात्रा**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने देशभर में तिरंगा यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया है। प्रदेश में भी इस यात्रा को लेकर पार्टी ने कार्यक्रम तय किए हैं और कल 14 मई को शिमला में तिरंगा यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित होगा। ये तिरंगा यात्रा 23 मई तक चलेगी और इस दौरान राष्ट्रप्रेम व एकता का संदेश दिया जाएगा। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी ने बताया कि ये तिरंगा यात्रा भारतीय सेना की वीरता व शौर्य को समर्पित होगी। उन्होंने कहा है कि ये तिरंगा यात्रा देश के मजबूत नेतृत्व का आभार प्रकट करने के लिए है जिसने सेना को दुश्मन पर हमला करने की खुली छूट दी। वंदना योगी ने कहा कि ये तिरंगा यात्रा देश के गौरव के साथ जुड़ी है और उन्होंने समाज के सभी वर्गों से यात्रा में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ऊन के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने पर विचार कर रही है। शिमला में आज राज्य वूल फैडरेशन के अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में उनसे मिलने आए गद्दी समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी हितधारकों से परामर्श के बाद ये निर्णय लिया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने विशेष आपदा पैकेज के तहत मुआवजे की राशि को बढ़ाया है और प्राकृतिक आपदा में भेड, बकरी व सूअर की मृत्यू होने पर वित्तीय सहायता को चार हजार रूपए से बढाकर छः हजार रूपए किया गया है।

**उप मुख्यमंत्री**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान घायल हुए हरोली विधानसभा क्षेत्र के दो वीर जवानों व्यास देव और गुरनाम सिंह के घर जाकर आज उनके परिजनों से मुलाकात की। बाथु गांव निवासी बीएसएफ के उप निरीक्षक व्यास देव और छेत्रा गांव के सिख रेजिमेंट के जवान गुरनाम सिंह जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकियों से लोहा लेते हुए घायल हो गए थे। इन दोनों का

सेना अस्पताल जम्मू में उपचार चल रहा है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूरा प्रदेश आज इन दोनों जवानों के सहास को नमन कर रहा है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि व्यास देव ने इस दौरान अपने शौर्य से देश रक्षा में अभूतपूर्व योगदान दिया है और हमले में उन्होंने अपनी एक टांग गंवाई है। अग्निहोत्री ने इन दोनों जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता की प्रतिबद्धता जताई।

## विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों पर कठोर कार्रवाई की है जिसे पूरे देश ने सराहा है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मसले पर पूरा देश एकजुट है और सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सेना के साथ खड़े हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार को जल्द संसद का एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए ताकि सदन के भीतर भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव और इससे जुड़े मुददों पर चर्चा की जा सके। उन्होंने तुर्किए से सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने की बात भी कही।

## सीबीएसई परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने आज 12वीं और दसवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष 12वीं कक्षा के 88 दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार एक प्रतिशत अधिक है। दसवीं कक्षा के 93 दशमलव छह–छह प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य–छह प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने आज कांगड़ा जिले के ज्वाली में जलशक्ति विभाग व बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए ज्वाली, नगरोटा सूरियां और कोटला क्षेत्रों में बिजली व पानी की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। चंद्र कुमार ने कहा कि टुल्लू पंप लगाकर सरकारी जलापूर्ति लाईनों से अवैध रूप से पानी खींचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज शिमला में देव भूमि क्षत्रिय संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संगठन द्वारा प्रस्तुत विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। धनीराम शांडिल ने कहा कि संविधान में निहित प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार समाज के सभी वर्गो के कल्याण व उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने देव भूमि क्षत्रिय संगठन द्वारा उठाए गए विभिन्न मुददों पर नियमानुसार विचार करने का भरोसा दिलाया।

## जम्मू–कश्मीर गोलीबारी

जम्मू–कश्मीर में शोपियां जिले में शुक्रू केलर जंगल इलाके में आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में तीन आतंकवादी मारे गए। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी. के. बिरदी ने आकाशवाणी को बताया कि मारे गए आतंकवादी लश्कर ए तैयबा या टीआरएफ गुट के हो सकते हैं। इस अभियान के दौरान आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया।

## उड़ानें

एयर इंडिया ने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनज़र जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट से प्रस्थान और आगमन करने वाली उड़ान सेवाएं आज रद्द की हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में एयर इंडिया ने कहा कि स्थिति की निगरानी की जा रही है और इसके बारे में यात्रियों को तुरंत सूचित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए यात्री एयरलाइन से संपर्क कर सकते हैं और वेबसाइट देख सकते हैं।

इधर शिमला के जुब्बड़हट्टी हवाई  अड्डे से आज से हवाई उड़ाने फिर से शुरू हो गई हैं।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब में आदमपुर वायु सेना केंद्र का किया दौरा–ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के के शौर्य व अदम्य साहस को सराहा।
2. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने देश भर में तिरंगा यात्रा निकालने का लिया निर्णय–सभी लोगों से यात्रा में भाग लेने की अपील।
3. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–ऊन के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने पर विचार कर रही है सरकार।
4. सी.बी.एस.ई ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम किए घोषित।

---